C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:08 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:30 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 40 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 26 जुलाई 2024

साल में कई फिल्में करने पर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नशे के इंजेक्शन समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने नशे के इंजेक्शन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से काफी मात्रा में नशेके इंजेक्शन बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने क्षेत्र में गयत के दौरान आंवला गेट के पास संदिग्ध हालत में घूम रहा युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिस पर पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। उसके पास मिले बैग की जब तलाशी ली गई तो बैग में नशे के 50 इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मो. दानिश पुत्र नियाज अहमद निवासी वार्ड नंबर 14 उत्तर उजाला थाना बनभूलपुरा जनपद नैनीताल बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### नुमाइश में अराजकता, कभी भी हो सकती है बड़ी घटना

**हल्द्वानी।** एमबी इंटर कालेज में चल रही नुमाइश में अराजकता चरम पर है। खासकर पार्किंग के ठेके पर गुंडागर्दी रोज की बात है। ठेका आईटीआई गैंग के गुर्गों के पास है ऐसे में अराजकता का होना लाजमी है। वैसे भी शहर में अराजकता के लिए आईटीआई गैंग कुख्यात है। सूत्र बता रहे हैं कि गैंग से जुड़े लोगों को नुमाइश में पार्किंग का ठेका मिला है। इनकी यहां पर खुलेआम दादागिरी चल रही है। निर्धारित पार्किंग शुल्क से ज्यादा वसूल किया जा रहा है जिस कारण से पार्किंग में अक्सर विवाद या मारपीट की नौबत आती रहती है। पिछले दिनों पार्किंग शुल्क को लेकर चाकू और तलवारबाजी की घटना हो चुकी है जिसमें एक युवक को चाकू भी लग गया था। युवक की तहरीर के बाद पुलिस ने गैंग के सरगना और उसके गुर्गे को गिरफ्तार किया है। अभी भी गैंग से जुड़े गुर्गे पार्किंग का ठेका संचालित कर रहे हैं जिससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

## पेरिस ओलंपिक 2024: आज होगा खेलों के महाकुंभ का आगाज

**नई दिल्ली/पेरिस**
एजेंसी

टोक्यो ओलंपिक, 2020 में भारत ने कुल सात पदक जीते थे। ओलंपिक के इतिहास में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। नीरज चोपड़ा ने 13 साल बाद ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण जीता था।

खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक 2024 का आज आगाज होगा। भारत के 117 खिलाड़ी इस वैश्विक टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने सर्वश्रेष्ठ करते हुए सात पदक जीते थे। इस बार भारतीय खिलाड़ियों का लक्ष्य



पदकों की संख्या को दोहरे अंक में पहुंचाना होगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 117 खिलाड़ियों का दल पेरिस भेजा है। इसमें से 70 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में खेलेंगे। 47 भारतीय खिलाड़ी ऐसे हैं, जो एक या उससे अधिक बार ओलंपिक में भाग ले चुके हैं। पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर से नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू, लवलीना और पीवी सिंधू से पदक की उम्मीद है। भारत ने अब तक ओलंपिक में कुल 35 पदक जीते हैं। इनमें 10 स्वर्ण, नौ रजत और 16 कांस्य पदक शामिल हैं। 2020 टोक्यो ओलंपिक भारत का अब तक का सबसे ओलंपिक रहा था, जिसमें इस राष्ट्र ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक समेत कुल सात पदक हासिल किए थे। इस बार भारतीय एथलीट अपने देश को दोहरे अंकों में पहुंचाने की कोशिश करेंगे। टोक्यो ओलंपिक, 2020 में भारत ने कुल सात पदक जीते थे। ओलंपिक के इतिहास में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। नीरज चोपड़ा ने 13 साल बाद ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण जीता था।

इससे पहले 2008 में अभिनव बिंद्रा ने शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता था। अभिनव के बाद नीरज दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। उनसे पेरिस में भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं, टोक्यो में भारत ने दो रजत और चार कांस्य पदक भी जीते थे। खिलाड़ियों को चाहे विदेश में अभ्यास करवाना हो या उन्हें सर्वश्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध करानी हो, किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ी गई है और अब परिणाम देना खिलाड़ियों का काम है।

कारगिल विजय दिवस


## पीएम मोदी ने आतंकवाद के आकाओं को दी चुनौती

**नई दिल्ली**
एजेंसी

कारगिल विजय दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होने के लिए दिन पीएम मोदी कारगिल के द्रास पहुंचे हैं। यहां पीएम ने वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25वें कारगिल विजय दिसव के अवसर पर द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इस दिन को हर वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज लद्दाख की ये महान भूमि कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की गवाह बन रही है। कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान अमर हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि किस तरह हमारी सेनाओं ने इतनी ऊंचाई पर, इतने कठिन युद्ध ऑपरेशन को अंजाम दिया



था। मैं देश को विजय दिलाने वाले ऐसे सभी शूरवीरों को आदरपूर्वक प्रणाम करता हूं। मैं उन शहीदों को नमन करता हूं, जिन्होंने कारगिल में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कारगिल विजय दिवस बताता है कि देश की रक्षा के लिए जान की बाजी लगाने वालों के नाम अमिट रहते हैं। ये देश उनके लिए कृतज्ञ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कारगिल में हमने केवल युद्ध नहीं जीता था। लेकिन सत्य की भी जीत हुई है। उस समय भारत शांति के लिए कार्य कर रहा था, लेकिन पाकिस्तान ने विश्वासघात किया। पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। पाकिस्तान ने अपने इतिहस से कुछ नहीं सीखा। पाकिस्तान आतंकवाद और छद्म युद्ध के सहारे खुद को प्रांसगिक प्रयास कर रह है।

पीएम ने कहा कि आज मैं उस मंच से बोल रहा हूं। यहां से आतंकवाद के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई दे रही है। मैं उन्हें कह देना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। .....संबंधित खबर पेज 2 पर

## कांग्रेस केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा आज तीसरे दिन शिवपुरी से आगे हुई रवाना

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा पदयात्रा शुक्रवार को तीसरे दिन शिवपुरी से आगे रवाना हुई। यात्रा आज देवप्रयाग पहुंचेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने सेवादल का झंडा फहराकर आगे की पदयात्रा शुरू की।केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा बचाओ पद यात्रा चौदह बीघा स्थित कबीर चौरा आश्रम से शिवपुरी के लिए रवाना हुई। यात्रा के रवाना होने से पहले श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिवपुरी जाते वक्त रास्ते में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में शामिल लोगों पर फूल बरसाकर स्वागत किया। कबीर चौरा आश्रम में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा बचाओ पद यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता जुट रहे हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में कृष्णामाई गुफा का नाम बदलकर मोदी गुफा कर दिया गया। अब जीएमवीएन ने इसका किराया 1500 रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये कर दिया है।



## प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने रैंप रैलिंग न लगाने वाले सरकारी विद्यालयों का विवरण मंगाया

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों की सुविधा के लिए रैंप रैलिंग लगाई गई हैं लेकिन कुछ विद्यालय ऐसे भी हैं जहां दिव्यांगजन इस सुविधा से वंचित हैं। इस संबंध में प्रारंभिक शिक्षा उत्तराखंड निदेशक रामकृष्ण उनियाल की ओर से प्रदेश भर के जिला शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशक की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि दिव्यांगजनों के कल्याण एवं सुगम्यता सुनिश्चित किये जाने के लिए विद्यालयों में रैंप रैलिंग निर्माण के निर्देश दिये गये थे। पत्र में कहा गया है कि जिन राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों (आदर्श विद्यालयों को सम्मिलित करते हुए) में दिव्यांगनों के लिए रैंप रैलिंग उपलब्ध नहीं है, ऐसे स्कूलों का विवरण संबंधित उप शिक्षाधिकारी की आख्या सहित पांच अगस्त तक अनिवार्य रूप से हार्ड एवं ईमेल के जरिए निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके लिए निदेशक की ओर से भेजे गये प्रारूप में सूचना संकलित कर उपलब्ध करानी होगी। बताया गया कि रैंप रैलिंग के लिए शासन स्तर से बजट मुहैया कराया जाएगा। इसी के मद्देनजर यह कार्यवाही की जा रही है।

## यमुना नदी का रौद्र रूप, अतिवृष्टि से भारी नुकसान, कांवड़िये फंसे

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में भारी बारिश आफत बनकर बरस रही है। रुद्रप्रयाग जिले में विगत रात्रि बनतोली संगम पर भारी बरिश के बाद द्वितीय केदार मध्यमहेश्वर धाम को जोड़ने वाला पुल बह गया है। जिसके बाद आवाजाही ठप हो गई है। मध्यमहेश्वर धाम में कई यात्रियों और कांवड़ियों के फंसने की सूचना है।



यमुना नदी के उदगम में अतिवृष्टि के कारण यमुनोत्री धाम में मंदिर परिसर को भारी नुक़सान हुआ है। मंदिर समिति के कार्यालय, रसोई आदि को भी नुकसान उक्त जानकारी देते हुए पुरोहित महासभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि जनहानि नहीं लेकिन परिसंपित्तयों को नुक्सान पहुंचा है। बताया कि यमुना नदी के मुहाने पर एकत्रित मलबा बोल्डर पत्थरों की वजह से मंदिर परिसर को अधिक नुकसान हुआ है।

जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर राममंदिर के निकट रजिस्ट्रेशन केंद्र भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा यमुनोत्री हाईवे ओजरी डाबरकोट बंद होने से बड़कोट से सरकारी अमला अभी यमुनोत्री धाम नहीं पहुंच पाया। एसडीएम मुकेश चन्द्र रमोला ने कहा कि जनहानि नहीं हुई है लेकिन नुकसान काफी हुआ है। ओजरी डाबरकोट मार्ग खुलने के साथ ही नुकसान का जायजा लिया जाएगा। तहसीलदार को राजस्व टीम के साथ भेज दिया गया है। जानकीचट्टी यमुनोत्री के बीच रातभर अफरातफरी मची रही। जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम के बीच छह किलोमीटर हिस्से में यमुना नदी का रौद्र रूप। प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी आज कई दौर की तेज बारिश होने की संभावना है। जबकि देहरादून और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इसके अलावा पौड़ी, चमोली जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में तेज गर्जन के साथ कई दौर की तेज बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 26 जुलाई को देहरादून में गरज के साथ भारी बारिश के आसार हैं। बारिश के ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर डीएम सोनिका ने जिले में कक्षा एक से 12वीं तक के सभी स्कूल-कॉलेज, शैक्षणिक संस्थाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है। डीएम ने सीईओ व सभी प्रशासनिक अधिकारियों को आदेश का पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

# एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा गुरुवार की शाम को कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर तल्लीताल स्थित दर्शन घर पार्क के कारगिल शहीद मेजर राजेश अधिकारी की प्रतिमा के समक्ष एक शाम शहीदों के नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

बता दें कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में नैनीताल विधान सभा की की विधायक सरिता आर्या के साथ क्लब के सदस्यों ने दीप जलाकर और देशभक्ति गीतों के माध्यम से विजय दिवस के वीरों को नमन किया।

इस मौके पर अवसर पर सरिता त्रिपाठी तथा विनीता पाण्डे के नेतृत्व में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये एवम भावना रावत व शोभा नेगी की टीम द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गयी। इस मौके पर कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के पत्रकारिता व जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार प्रो. गिरीश रंजन तिवारी तथा प्रकृति प्रेमी यशपाल रावत ने भी विचार रखे।

कार्यक्रम में क्लब की वरिष्ठ सदस्या क्रमशः हेमा भट्ट, आशा पाण्डे, गीता साह, जीवंती भट्ट समेत क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल, सचिव दीपा पांडे, कोषाध्यक्ष कविता त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक आभा साह, सह संयोजक कविता त्रिपाठी, विनीता पाण्डे सहित नीरू साह, रेखा जोशी, मीनू बुधलाकोटी, सीमा सेठ, सरिता त्रिपाठी, रमा भट्ट, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, तुसी साह, मधुमिता, कंचन जोशी, खष्ठी बिष्ट, बबली, कुसुम तिवारी, खुशबू तिवारी, भावना रावत व शोभा नेगी के साथ ही अरविन्द सिंह पडियार आदि मौजूद थे। संचालन मीनाक्षी कीर्ति एवम दीपा पाण्डे द्वारा किया गया।



## भारत के वीर शहीदों को किया याद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल द्वारा गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें कारगिल दिवस 26 जुलाई के अवसर पर किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। वार्ता में कहा कि जिसमें कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरों की अद्भुत वीरता के लिए उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट, प्रधानाचार्य सीआरएसटी मनोज कुमार पांडे, कार्यक्रम संयोजक गोपेश बिष्ट, आनंद सिंह और श्रद्धा गुरुरानी तिवारी उपस्थित रही।

## क्रास कंट्री में प्रकाश व अनु को पहला स्थान

**हल्द्वानी।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर खेल विभाग की ओर से क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया गया। पुरुष व महिला वर्ग की रेस सर्किट हाउस काठगोदाम से प्रारंभ होकर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में समाप्त हुई। रेस में 123 बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि महिला ओपन वर्ग में अनु भट्ट, खुशी बिष्ट, खुशी सक्सेना, जूनियर बालिका में मेघा, रुचि अधिकारी, निशा, बालकों में राजेंद्र रैकुनी, मेहताब व रवींद्र रैकुनी तथा पुरुष ओपन वर्ग में प्रकाश भट्ट, रोहित कुमार व सागर राम ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। रेस का शुभारंभ खेल उप निदेशक रशिका सिद्दीकी ने हरी झंडी दिखाकर किया।



## रुद्रपुर पुलिस लाइन शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

25वां कारगिल विजय दिवस शौर्य दिवस के रूप मे पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसडीएम मनीष बिष्ट, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी पुन,एएसपी निहारिका तोमर, सीओ संचार आरडी मठपाल, पुलिस विभाग एवं विभिन्न विभागो के अधिकारियो, जनप्रतिनिधियों समेत भूतपूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए जनपद के हवलदार पदम राम व राइफलमैन अमित नेगी के चित्रो पर पुष्पचक्र व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। जिलाधिकारी ने कारगिल दिवस के शहीदो को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा सर्वोपरि है, जिन जवानो, सैनिकों ने देश की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान किया है, हमें उन पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम में ले.कर्नल आरपी सिंह, कर्नल सूबेदार गुरदेव सिंह, एके झा, ले. कर्नल पवन रावत, पूर्व सैनिक सूबेदार खड़क सिंह कार्की, सूबेदार मेजर डीडी उपाध्याय,धन सिंह कोरंगा, हवलदार हीरा सिंह, खीम सिंह गरिया, सूबेदार मेजर रूप सिंह रावत, सूबेदार आनंद गिरी, महेश चंद्र, पू.सै. किशन सिंह रावत, मनोज कुमार पांडेय, सुनील कुमार, सुदर्शन सिंह, गिरीश भट्ट, लक्ष्मण सिंह, अजय कुमार सहित पुलिस जवान मौजूद थे।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया याद

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं भर में कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीदों को याद किया गया। इस मौके पर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ ही तमाम कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान तमाम स्कूलों में शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम हुए वहीं पौधरोपण भी किया गया।

हल्द्वानी में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के मौके पर सुबह नैनीताल रोड स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी गई। साथ ही पुलिस जवानों ने सलामी भी दी। इस क्रम में एमबी पीजी कालेज के सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने शहीद मेजर राजेश अधिकारी, लांस नायक नंदन सिंह, सैनिक मोहन सिंह, शहीद लांस नायक रामप्रकसाद, सैनिक मोहन चंद्र जोशी के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचे सैन्य अधिकारियों ने कारगिल युद्ध के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि दुश्मन सेना ने वहां पक्के बंकर बना लिए थे और वहां खाने-पीने का पूरा इंतजाम करके बैठे थे। इस युद्ध की सबसे बड़ी चुनौती सामने से लड़ने की थी, दूसरा कोई विकल्प ही नहीं था। इस युद्ध में भारतीय सेना के 1323 जवान घायल हुए थे। बताया कि पाकिस्तानी सेना ने भागने से पहले माइंस बिछा दी, जिसकी वजह से देश के घायलों की संख्या बढ़ गई। सेना के जवान बर्फ पिघालकर पीते थे। आखिरकर युद्ध में भारतीय सेना को जीत हासिल हुई।



## NEWS / फटाफट

### नौकायन के दौरान नृत्य करना काफी महंगा पढ़ा

**नैनीताल।** जीवनदायिनी नैनी झील में पैडिल बोट के माध्यम से नौकायन के दौरान नृत्य करना काफी महंगा साबित हो गया। एसडीएम प्रमोद कुमार के निर्देश के बाद पालिका प्रशासन ने हरकत में आकर पर्यटक का मौके पर जाकर ढाई सौ रुपए का नगद चालन किया तथा भविष्य में ऐसा न करने की भी सख्त हिदायत दी। बता दें कि गुरुवार की शाम को करीब साढे तीन बजे उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने नैनी झील का औचक निरीक्षण किया,इस दौरान उन्होंने पाया कि एक पर्यटक पैडिल बोट में खड़े होकर नृत्य कर रहा है,मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए तुरंत दूरभाष पर नगर पालिका परिषद के कार्यालय अधीक्षक शिव राज सिंह नेगी से वार्ता कर उन्हें मामले में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नेगी के मुताबिक सूचना मिलने के बाद पालिका के कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा ने मौके पर पहुंचकर पैडिल बोट को कब्जे में लेकर उसमें बैठे (नृत्य) कर रहे दीपांशु का 250 रुपएं का नगद चालान किया। नेगी के मुताबिक अब शुक्रवार (आज) को पैडिल बोट का भी लाईसेंस निरस्त किया जाएगा।

### आपराधिक मामले में रोक लगाए जाने के आदेश पारित किये

**नैनीताल।** उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष बॉबी पवार, कार्तिक उपाध्याय, नितिन दत्त व भूपेंद्र कोरंगा व राम कनवाल के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा 25 अगस्त 2023 को एक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी। जिसके अनुसार बागेश्वर विधानसभा उप चुनाव 2023 के दौरान धारा 144 लागू थी। बता दें कि 25 अगस्त को रात्रि 9 बजे बॉबी पवार ने मिशन स्कूल के रास्ते मे अपने 10-15 साथियों के साथ नारेबाजी की जा रही थी और उनके द्वारा पम्फलेट वितरित किये जा रहे थे जो मतदान को प्रभावित करने वाले भ्रमित तथ्यों वाली अपील थी। बॉबी पवार व अन्य 4 साथियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147/171जी/186 व 188 मे प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी। जिसके क्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बागेश्वर की अदालत में आपराधिक मुकदमा दाखिल किया गया तथा मामले मे सभी आरोपियों के विरुद्ध चार्ज शीट भी दाखिल की गयी है। उपरोक्त आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देते हुए बॉबी पवार, कार्तिक उपाध्याय, नितिन दत्त तथा भूपेंद्र कोरंगा व राम कनवाल ने याचिका दाखिल की।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। -संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## कारगिल दिवस को रजत जयंती कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कारगिल युद्ध के 25 वर्ष पूर्ण होने के विशेष मौके पर अबकी बार कारगिल दिवस को 'रजत जयंती कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है।

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल द्वारा गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें कारगिल दिवस 26 जुलाई के अवसर पर किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। वार्ता में बताया गया कि 26 जुलाई को नैनीताल में प्रातः काल 10 बजे से रैली निकाली जाएगी और शहर के 6 स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जबकि 27 जुलाई को कार्यक्रम का समापन होगा जिसमें कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरों की अद्भुत वीरता के लिए उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट, प्रधानाचार्य सीआरएसटी मनोज कुमार पांडे, कार्यक्रम संयोजक गोपेश बिष्ट, आनंद सिंह और श्रद्धा गुरुरानी तिवारी उपस्थित रही।

26 जुलाई 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई लड़ाई में भारत के वीर सपूतों ने पाकिस्तान को उसकी सही जगह दिखाई, तब से प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस युद्ध में भारत के 527 वीरों ने अपनी शहादत देकर भारत का विजय परचम लहराया था, इनमें से 147 उत्तर प्रदेश के वीर शहीद थे जिनमें से उत्तराखण्ड राज्य अलग होने के पश्चात 75 वीर सैनिक उत्तराखंड के हैं।



## संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का धरना जारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का गुरुवार को देहरादून स्थित एकता बिहार में 24 वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम कर्मचारियों की एक सूत्रीय मांग नियमितीकरण को लेकर निगम कर्मचारियों ने नारेबाजी के साथ धरना प्रारंभ किया। गुरुरानी ने कहा कि यह धरना जारी रहेगा उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महासंघ शासन स्तर पर भी संपर्क साधे हुए हैं। उन्होंने कहा एक तरफ धरना चल रहा है दूसरी तरफ निगम के कर्मचारी अपने-अपने केंद्रों में कार्य कर रहे हैं। स्वच्छता अभियान व पौधारोपण भी कर रहे हैं। कार्यक्रम को महामंत्री कंचन चंदोला, कार्यकारी अध्यक्ष संजय भट्ट समेत रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, पीतांबर दुमका, राजेश रावत ,जगबीर लाल, रमेश कुमार, नरेंद्र रावत, चंद्रशेखर बहुगुणा, प्रेम रावत, विपिन कोठारी, वेद प्रकाश भट्ट, पदम सिंह, बलवंत सिंह,अरविंद नेगी ,हरीश कांडपाल, महेश कुमार दास तथा नरेंद्र थापा सहित तेरह जनपदों से आए कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अभिमत



## मुद्दा छीना

*सरकार ने केन्द्रीय अर्द्धसैन्य बलों में सेना से सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों को भर्ती करने की बात कही है। सरकार पर हमलावर होने का मुद्दा विपक्ष से छिन गया है। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह, सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल, बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल, एसएसबी के दलजीत सिंह और आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव ने अलग-अलग बयान जारी कर कहा है कि पूर्व अग्निवीरों के लिए नियम में संशोधन किया गया है। केन्द्रीय बलों में सिपाही के पद पर होने वाली भर्ती में थल, वायु और जल सेना से सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जायेंगी।*

अग्निपथ योजना का विपक्ष ने भारी विरोध किया था। पूरे देश में प्रदर्शन हुए। इसके बाद भी केन्द्र सरकार ने कदम पीछे नहीं खींचे और सेना में अग्निवीर भर्ती किये गये। लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने अपने घोषणा पत्र में वायदा किया था कि सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना को खत्म कर दिया जायेगा। चुनाव में इस मुद्दे को विपक्ष ने धार देने का प्रयास किया, लेकिन सत्ता हासिल करने में कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद विपक्ष ने संसद में अग्निपथ योजना को लेकर सरकार पर हमला बोलने की तैयारी की। इसी बीच सरकार ने केन्द्रीय अर्द्धसैन्य बलों में सेना से सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों को भर्ती करने की बात कही है। सरकार पर हमलावर होने का मुद्दा विपक्ष से छिन गया है। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह, सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल, बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल, एसएसबी के दलजीत सिंह और आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव ने अलग-अलग बयान जारी कर कहा है कि पूर्व अग्निवीरों के लिए नियम में संशोधन किया गया है। केन्द्रीय बलों में सिपाही के पदों पर होने वाली भर्ती में थल, वायु और जल सेना से सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जायेंगी। पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक परीक्षा से भी छूट मिलेगी। दिसंबर 2026 और जनवरी 2027 में सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों के पहले बैच को उम्र सीमा में पांच साल तथा इसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले बैच को तीन साल की छूट मिलेगी। दरअसल अग्निपथ योजना का विरोध इसलिए किया जा रहा है कि चार साल तक सेना में काम करने के बाद युवा अवस्था में ही सेवानिवृत्त होने पर बेरोजगार क्या करेगा? इस सवाल का जवाब सरकार ने दिया था कि अग्निवीर को एकमुश्त पर्याप्त धन दिया जायेगा, जिससे वह स्वरोजगार कर सकता है। विपक्ष के उकसाने पर जब युवा सड़क पर उतर आये तो सरकार ने अग्निवीर के तौर पर भर्ती युवाओं में से 25 प्रतिशत को सेना में नियमित करने का आदेश दिया। राज्य सरकारों ने कई विभागों में अग्निवीर को समायोजित करने की बात कही। विपक्ष के विरोध के बाद भी अग्निवीर की भर्ती शुरू होने पर हजारों की संख्या में युवा पहुंचे और वर्तमान में सैकड़ों युवा थलसेना, वायुसेना तथा जलसेना में कार्यरत हैं। पहले बैच के अग्निवीर अभी सेवानिवृत्त नहीं हुए हैं। सेना में प्रशिक्षण और अनुशासन में कर्तव्य का पालन करने वाले युवा किसी भी क्षेत्र में काम कर सकते हैं। उत्तराखंड के अधिकतर युवाओं का सपना सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा करना होता है। पूर्व सैनिकों की संख्या भी उत्तराखंड में अधिक है। सेवानिवृत्त अग्निवीरों को सही दिशा देकर उत्तराखंड सरकार विकास को गति दे सकती है।

# एसएसपी ने दिए कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने को दिशा निर्देश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टीसी ने कावड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद के पुलिस अधिकारियों और थानाध्यक्ष को कावड़ियों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी ने बताया गया कि कावड़ियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता पर रहेगी।

एसएसपी ने बताया कि 27 जुलाई 24 से 3 अगस्त तक कावड़ पटरी में पड़ने वाली मांस,मछली की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। इसके साथ ही कावड़ पटरी पर पड़ने वाले होटल, ढाबे,धर्मशाला जो मांस परोसते हैं, वह पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। कावड़ पटरी में पड़ने वाली शराब की दुकानें नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। यह आदेश अग्रिम आदेश तक कावड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। एसएसपी ने बताया कि आदेश की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**निर्देश**

- कल से 3 अगस्त तक कावड़ पटरी में पड़ने वाली मांस, मछली की दुकानें पूर्ण रूप से रहेंगी बंद
- अग्रिम आदेश तक जनपद में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

## पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदण्ड

**नैनीताल ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को दोषी ठहराते उसे आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है । आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। अभियुक्त रिटायर्ड फौजी है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 18 जून 2021 को मृतका बसन्ती देवी उर्फ बीना के पिता मदन गिरी नि0 ग्राम बैना द्वितीय ताडीखेत तहसील रानीखेत, जिला अल्मोड़ा ने अपनी पुत्री की हत्या की प्राथमिकी पट्टी विषव्यूला धारी में दर्ज कराई । रिपोर्टकर्ता के अनुसार उसकी पुत्री बसन्ती उर्फ बीना के साथ उसका पति सतीस पुरी नि0 ग्राम ओखलकाडा मल्ला तोक, भरता, तहसील खनस्यू, जिला नैनीताल आये दिन मारपीट करता था और उसी द्वारा की गई मारपीट में बसंती की मौत हो गई । तथ्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को अपनी पत्नी की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश किया।

ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।
www.uttaranchaldeep.com

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पूर्णिमा (पुराना नाम) से बदलकर पूर्णिमा शर्मा (नया नाम) कर लिया है, अत: भविष्य में मुझे पूर्णिमा शर्मा (नया नाम) पत्नी खीमा नन्द शर्मा के नाम से जाना, पहचाना जाए। वर्तमान पता- बानना, बनाना, नैनीताल, उत्तराखण्ड, 263136

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम खीमा नन्द (पुराना नाम) से बदलकर खीमा नन्द शर्मा (नया नाम) कर लिया है, अत: भविष्य में मुझे खीमा नन्द शर्मा (नया नाम) पुत्र नारायण दत्त शर्मा के नाम से जाना, पहचाना जाए। वर्तमान पता- बानना, बनाना, नैनीताल, उत्तराखण्ड, 263136

# पहाड़ी अंग्रेज जिम कॉर्बेट का पुस्तक का विमोचन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



प्रसिद्ध प्रकृतिविद् तथा शिकार कथाओं के लेखक एवं नरभक्षी संहारक एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट के 149 वें जन्मदिन पर गुरुवार को नैनीताल में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रयाग पाण्डे द्वारा लिखित पुस्तक पहाड़ी अंग्रेज जिम कॉर्बेट का नैनीताल क्लब में आयोजित एक समारोह में विमोचन किया गया। प्रयाग पांडे की यह छठी पुस्तक है, इससे पूर्व वह देवभूमि का रण, तपोभूमि में गांधी, नैनीताल एक धरोहर तथा बिना वर्दी की पुलिस व संयोगवश पुस्तकें प्रकाशित हो चुके हैं।पुस्तक के विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि जिम कॉर्बेट के निकटतम सहयोगी रहे स्वर्गीय बाबू जगत सिंह नेगी के पौत्र रवींद्र सिंह नेगी थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रो. गिरीश रंजन तिवारी ने की जबकि हल्द्वानी के वरिष्ठ पत्रकार गणेश पाठक विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह को रामनगर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर दुर्गा तिवारी,रामनगर के पत्रकार प्रभात ध्यानी, गणेश रावत, छोटी हल्द्वानी कालाढूंगी के मोहन पांडे, हल्द्वानी के पत्रकार भगवान सिंह गंगोला, पूर्व सूचना उप निदेशक हंसी वृजवासी समेत सी. पी. वृजवासी, हाईकोर्ट के अधिवक्ता जयवर्धन कांडपाल आदि ने सम्बोधित किया। इससे पूर्व जिम कॉर्बेट की मूर्ति के समक्ष मोमबत्ती जलाकर उन्हें याद किया गया साथ ही उनके जन्मदिन और केक काटा गया। समारोह में लेखक प्रयाग पांडे की धर्मपत्नी तारा पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता के. पी. उपाध्याय,बी.पी.बहुगुणा,निरंजन भट्ट,शैलेन्द्र नौडियाल, त्रिभुवन फर्त्याल,वीरेंद्र रावत,शिवा नंद भट्ट, श्री बर्थवाल समेत पत्रकार रामनगर गोविंद पाटनी,चंचल गोला, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत के अलावा मनोज जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, पूर्व सभासद घनश्याम लाल साह,संजय साह,धीरेंद्र बिष्ट,विनीत तिवारी,ई.आर पी पांडे, अक्षय चौधरी,पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, डी. एन .भट्ट, दिनेश उपाध्याय, कमलेश ढौढियाल, बॉबी साह,अमित गुप्ता,अरुण साह, रिटायर्ड सूबेदार मेजर भोला दत्त तिवारी, अधिवक्ता खोलिया,कैलाश पाठक, तथा गीता पाठक सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा हाईकोर्ट के अधिवक्ता व पत्रकार व प्रयाग पांडे के रिश्तेदार आदि मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## साल में कई फिल्में करने पर ट्रोल करने वालों को अक्षय ने दिया जवाब



*बॉलीवुड खिलाड़ी अक्षय कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में असफल हो रही हैं। इन दिनों वह सरफिरा में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का भी कमाई के मामले में बुरा हाल हो गया है। मिशन रानीगंज, बड़े मियां छोटे मियां, राम सेतु और सम्राट पृथ्वीराज जैसी लगातार कई फिल्मों के फ्लॉप होने के बाद भी अक्षय अपने काम के प्रति दृढ़ हैं। उनकी एक ही फिल्म पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय साल में कई प्रोजेक्ट लेने के लिए आलोचना की गई। अक्षय कुमार ने हाल ही में इसका जवाब दिया है। अक्षय कुमार ने हाल ही में इसे लेकर एक बातचीत में कहा, मुझे कहते हैं कि चार फिल्म क्यों करते हो साल में, इनको एक ही फिल्म करनी चाहिए। चलो मैं एक फिल्म कर लेता हूं, मगर बाकि दिन क्या करूंगा। आपके घर में आउंगा। बेटा याद रखना, वो लोग लकी होते हैं, जिन्हें काम मिलता है। यहां रोज कोई न कोई बोलता है कि बेरोजगारी चल रही है। ये चल रहा है, वो चल रहा है। तो जिसको काम मिल रहा है, उनको तो करने दो। खिलाड़ी कुमार ने कई सालों तक लगातार हिट फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए रखा है। हालांकि इन दिनों वह थोड़ा मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर उनकी फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही हैं। उन्होंने हाल ही में उन्होंने अपनी हालिया फ्लॉप फिल्मों और असफलता से मिले सबक के बारे में भी बात की थी।*

### फिल्म को असफल होते देखने दिल तोड़ने जैसा

*अभिनेता ने कहा था, हर फिल्म के पीछे बहुत सारा खून, पसीना और जुनून होता है। किसी भी फिल्म को असफल होते देखना दिल तोड़ने वाला होता है। मगर आपको सकारात्मक चीजों में अपना ध्यान लगाना होता है। हर असफलता आपको सफलता की कीमत सिखाती है और इसके लिए आपकी भूख को और भी बढ़ाती है। सौभाग्य से मैंने अपने करियर में पहले ही इससे निपटना सीख लिया था।*

# दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल शेरवानी के निकट स्थित शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद गुरवार को भगवान शिव परिवार की मूर्ति स्थापना का दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान विधि विधान के साथ शुरू हो गया । पहले दिन पंडित महेश भट्ट के नेतृत्व में भगवान शिव तथा माता पार्वती,भगवान गणेश व भैरव देवता आदि की मूर्तियों को मंडप में स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू हुआ जो विभिन्न चरणों में चला। अनुष्ठान में चंदन बोरा,गोपाल दफ टैी,केशर गिरी गोस्वामी, चंदन चमियाल, सिद्धार्थ साह, निखिल साह, तारा सिंह सपत्नीक जजमान बने थे । इस दौरान स्थानीय महिलाओं ने सुंदरकांड पाठ के साथ दिनभर भजन कीर्तन भी प्रस्तुत किये । धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन यानी शुक्रवार (आज) को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ हवन यज्ञ होगा साथ ही भंडारे का आयोजन होगा । आयोजन में लता दफौटी,तारा बोरा,हेमा बिष्ट, आशा पालीवाल, भावना रावत तथा मालती रौतेला, अमिता साह तथा रेनू अधिकारी, भावना, नीमा अधिकारी व लक्ष्मी भाकुनी, हेमा पांडे, नेहा अग्रवाल, पुष्पा गोस्वामी,कमला सत्यबली, सुनीता जोशी, गीता उपाध्याय, भावना बिष्ट, किरन, गीता, हेमा तिवारी, कला साह,ज्योतिबाला के अलावा भाजपा नगर अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट, युवा नेता अरविंद सिंह पडियार,भूपेंद्र सिंह बिष्ट, केशर गिरी गोस्वामी, चंदन सिंह चमियाल, गोपाल सिंह दफौटी, हरीश सिंह, चंदन सिंह बोरा, रमेश पांडे, पप्पू मेहरा, सुरेंद्र सिंह, जीवन सिंह बिष्ट, सुशील अधिकारी,जमन सिंह तथा त्रिलोक रौतेला व भुवन सिंह तमाम भक्तजन मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## गिरीश वर्मा के निधन पर लोगों ने किया दुख प्रकट



**नैनीताल।** राजकीय पालीटेक्निक के पूर्व क्रीड़ा प्रभारी, रायल बास्केटबाल तथा पंजाबी महासभा के सक्रिय सदस्य तथा वरिष्ठ खिलाड़ी गिरीश वर्मा का निधन हो गया। उनके निधन पर नगर के सभी खेल प्रेमियों ने गहरा दु:ख जताया है। शोक सभा में भुवन बिष्ट, हरीश चौधरी, मनोज साह, राजू लाल, राजीव गुप्ता, हरीश जोशी, राजीव गुप्ता, विनोद कनारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। दूसरी ओर पंजाबी महासभा ने भी शोक सभा की जिसमें विक्रम स्याल, प्रेम कुमार शर्मा, सतीश गुप्ता, महेश अरोरा, नरेंद्र लाम्बा, राजीव गुप्ता,अमरप्रीत सिंह, राहुल आहुजा, राजन गुलाटी,तेजपाल सिंह, ओम प्रकाश मैद तथा सुमित खन्ना आदि मौजूद रहे।

## फोन पर जान से मारने की धमकी, परिवार दहशत में

**रुद्रपुर।** फोन पर जान से मारने की मिलने पर परिवार दहशत में हैं और पीड़ित परिवार ने पुलिस से जान माल सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में एसएसपी को भी प्रार्थना पत्र दिया है। गुरुवार को छीना फार्म ढकिया गुलाबो काशीपुर निवासी तनुज कुमार पुत्र सुरेश कुमार एसएसपी कार्यालय पहुंचा और एसएसपी डा.मंजूनाथ टीसी को शिकायती पत्र सौंपा। इस दौरान उसने बताया कि दो माह से उसके मोबाइल पर धमकी भरी काल आ रही है। आठ मई को उसके मोबाइल पर व्हाटसएप काल आई और जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत उसने 14 मई को एसपी काशीपुर से की थी। लेकिन पुलिस ने उसमें कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि इसके बाद 20 जुलाई को उसके मोबाइल पर एक और नंबर से काल आई और धमकी दी गई।

# सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में स्कूल छात्र परिषद व सदन परिषद के पदाधिकारियों के लिए रंगारंग शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया और उन्हें बैच व शेश देकर अपने पद के अनुरूप मिली जिम्मेदारी को निभाने को कहा गया। स्कूल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानाचार्य डॉ.प्रवीन्द्र कुमार रौतेला तथा स्कूल प्रशाशक सुरेश चंद्र मिश्रा ने स्कूल छात्र कप्तान आदित्य मलवाल, छात्रा कप्तान अवंतिका शुक्ला, अनुशासन प्रभारी हर्षित सुयाल को शपथ दिलायी तथा उन्हें शेश पहनाकर जिम्मेदारी प्रदान की। इसके अलावा संस्कृति कार्य



कप्तान वरुण कुमार, खेल कप्तान वंशिका चौधरी, स्कूल उप कप्तान कृष्णा बिष्ट, संस्कृति कार्य उप कप्तान प्रणीता पडियार, खेल उप कप्तान शुभम रैकुनी को भी पद की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्कूल के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने मिलकर दीप प्रज्वलित किया छात्रों ने गणेश बन्दना करके शपथ ग्रहण समारोह को सजा दिया। इसके अलावा शास्त्रीय नृत्य, कुमाउनी नृत्य, समूह गान भी इस दौरान छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। समारोह के दौरान नव निर्वाचित स्कूल व सदन परिषद के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने कहा कि अपनी अपनी जिम्मेदारी को पूरे मन से और सकारात्मकता के साथ करते हुए स्वयं सीखने और स्कूल में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों के लिए अनुकूल शैक्षिक वातावरण निर्माण करने का महत्वपूर्ण अवसर स्कूल व सदन परिषद को दिया गया है और उनको पूरी स्वतंत्रता के साथ अपने विचारों को व्यक्त करने और उनका सकारात्मक कार्यान्वयन करने का अवसर स्कूल ने दिया है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के एन सी सी केडेट्स ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अकेडमिक कॉर्डिनेटर बी बी जोशी ने बताया कि स्कूल के अंदर प्रभावी शैक्षिक वातावरण के साथ साथ पाठ्य सहगामी कार्यों, व्यक्तित्व विकास व नेतृत्व क्षमता को निखारने के के लिए तीन स्तरों वाली अन्तर सदनीय व्यवस्था को छात्रों के द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में चलाया जाता है।

# ट्रांजिट कैंप पुलिस ने दबोचा वाहन चोर, चोरी की दो बाईकें बरामद

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की दो बाईकें बरामद की।

थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि 27 अप्रैल 24 को अटरिया मंदिर को जाने वाले सड़क जगतपुरा से अज्ञात चोर प्रीतविन्दर सिंह पुत्र स्व अजीत सिंह निवासी- इंदिरा कॉलोनी, गली नंबर 6, रुद्रपुर की बाईक चोरी कर ली। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्र से लगातार हो रही बाईक की रोकथाम को अभियान चला रही। उन्होंने बताया कि इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध मोदी मैदान



में बैठा है। पुलिस ने मौके पर उसे पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम नरेंद्र उर्फ कन्हैया पुत्र राकेश कुमार निवासी- ग्राम महेशपुर, थाना- दिनेशपुर बताया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि कब्जे से चोरी हुई बाईक बरामद हुई। बाईक पर अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर की चोरी की रिपोर्ट दर्ज थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक और चोरी की बाईक बरामद की। उक्त बाईक बिलासपुर से चुराने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि वाहन चोर को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। टीम में आवास विकास पुलिस चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा, एसआई मनोज जलाल,अनिल भारती, पंकज सजवान आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# किशोरी से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने किशोरी से घर में अकेला देख छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया।

कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक जनपद में एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर महिलाओं और बच्चो के विरुद्ध अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

इसी के तहत थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को कार्रवाई को निर्देशित किया गया। ट्रांजिट कैंप के प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि थाना ट्रांजिट कैंप पंजीकृत एफआईआर नंबर 199/2024 में

**कार्रवाई**

- **घर में घुसकर दुष्कर्म करने का प्रयास करने का है आरोप, भेजा जेल**

नामजद आरोपी निवासी ग्राम बरारा थाना यूरिया जिला पीलीभीत यूपी हाल शिमला बहादुर ट्रांजिट कैंप उमाशंकर को गिरफ्तार किया। उमाशंकर पर 22 जुलाई को नाबालिक लड़की से उसके घर में घुसकर दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोप है। रिपोर्ट 23 जुलाई को दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। यहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। टीम में महिला एसआई नेहा ध्यानी, हेड कांस्टेबल अजय शाही, देवेन्द्र बजेठा आदि शामिल रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर चुघ ने किया शहीदों को नमन



**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

कारगिल विजय दिवस भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष पूर्व देश के वीर जवानों ने कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर दुश्मनों से जंग लड़ी थी और विपरीत परिस्थितियों में अदम्य साहस का परिचय देते हुए विजय हासिल की थी और कारगिल की चोटी पर देश का तिरंगा फहराया था।

आज पूरा देश कारगिल विजय दिवस मना रहा है। ऐसे में उत्तराखंड के उन 75 जवानों की शहादत को भी नहीं भुलाया जा सकता ,जिन्होंने कारगिल युद्ध में वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी। उत्तराखंड उत्तर प्रदेश की सीमा पर नवाबगंज स्थित गुरुद्वारे के समीप वीर जवान शहीद बलजीत सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई थी। वहां पर वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। देश के जवानों ने अदम्य साहस शौर्य और पराक्रम के साथ दुश्मनों को परास्त कारगिल की चोटी पर तिरंगा लहराया था।

देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले भारत के अमर सपूतो की गौरव गाथा पीढियों के लिए गर्व और प्रेरणादाई रहेगी ।उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड से भी कई वीर सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी। ऐसे में उनकी शहादत को आने वाली पीढ़ियां कभी नहीं भूल सकती। इस मौके पर जसबीर बठला, संता सिंह, जुगनू, बिल्ला, सुंदर सिंह,राजेश बजाज, शिवकुमार शिबू, सनी पासवान ,राममिलन ,राज कोली आदि मौजूद थे।

## शतरंज तथा कैरम प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए

**नैनीताल।** भारतीय जीवन बीमा निगम के उत्तर मध्य क्षेत्र कानपुर के शतरंज तथा कैरम प्रतियोगिता का गुरुवार को फाइनल मैच खेला गया। इस प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को हल्द्वानी मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक डी. के. जोशी ने पुरस्कार वितरित किए। हल्द्वानी मंडल के खेल सचिव के एन भट्ट ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार के साथ-साथ एक पौधा वितरित करके एक अनूंठी पहल से आग्रह किया कि इस पौधे को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

# कैडेट्स ने रोमांचक साहसिक गतिविधियों में भाग लिया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट (एमईएनयू) कैंप के तीसरे दिन कैडेट्स ने रोमांचक साहसिक गतिविधियों में भाग लिया।

बता दें कि एनसीसी कैडेट ने गुरुवार को रोमांचकारी साहसिक गतिविधियों में शामिल हुए। नैनीताल पर्वतारोहण क्लब द्वारा एनसीसी कैडेटों के लिए प्रशिक्षण में रैपलिंग विशेष प्रशिक्षण आयोजित किये गये। कमांडिंग आफिसर कैप्टन चंद्रविजय नेगी ने बताया कि कैडेटों ने रेपलिंग चुनौतीपूर्ण कार्य किया। नैनीताल पर्वतारोहण क्लब के प्रशिक्षकों ने कैडेटों के अनुभव समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन ने कैडेटों को इन साहसिक गतिविधियों को आत्मविश्वास के साथ अपनाने के लिए सशक्त बनाया।

उन्होने बताया एनसीसी कैडेट्स ने चल रहे शिविर में चार दिनों में 115 किमी की दूरी तय की है। यह उपलब्धि कैडेटों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। गुरुवार को शिविर में कैडेट्स को विंडसर्फिंगए एंटरप्राइज सेलिंग और कयाकिंग के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण से भी अवगत कराया गया।

ये व्यावहारिक प्रशिक्षण समुद्री कौशल में आवश्यक महत्वपूर्ण पक्ष हैं। चौथे दिन भी 25 बालिका कैडेटों सहित 60 कैडेटों ने भागीदारी की इस अवसर भारतीय नौसेना के चीफ इंस्ट्रक्टर अंकुर यादव तथा प्रशिक्षक कोशिश मौर्य समेत आर पी गुर्जर, मंजीत सिंह, करमबीर तथा रविंद्र गिरी आदि उपास्थित थे।

# उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कल रुद्रपुर में बजट पर गोष्ठी में होंगे शामिल

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने श कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मुख्य विषय भाजपा रुद्रपुर द्वारा नगर निगम सभागार में बजट 2024-25 पर प्रबुद्ध वर्ग के साथ विचार गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे राष्ट्रीय महामंत्री व उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम शामिल होंगें।

विधायक ने कार्यकताओं संग बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर कार्यक्रम को भव्य बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि हाल हीं मे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा सभी वर्गो को ध्यान रखते हुए बजट पेश किया। उस बजट पर



उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम प्रबुद्ध वर्ग जिसमें डॉक्टर, व्यापारी, अधिवक्ता, समूह , उद्योग जगत, समाजिक संस्थाओ से जुड़े लोगो के साथ विचार गोष्ठी के माध्यम से बजट पर चर्चा करेंगे। विधायक ने जानकारी देते हुए कहा कि रुद्रपुर नगर निगम सभागार में 27 जुलाई शनिवार सुबह 11 बजे गोष्ठी होगी। उसमें बढ़ी संख्या में प्रबुद्ध वर्ग के लोग पहुँचेगे। बैठक मे दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, सुरेश कोली, तरुण दत्ता,प्रीत ग्रोवर, राजेश जग्गा, मयंक कक्कड़, संदीप राव,किरण विर्क, गुन्नू चौधरी, प्रमोद मित्तल आदि मौजूद रहे।

**बैठक**

- **विधायक शिवने कार्यक्रम की तैयारियो को लेकर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की**